CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 354 | बिजौलिया - शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## सरकारी शिक्षा पर सियासी संग्रामः गहलोत बोले- दो साल में 8.4 लाख से ज्यादा छात्र हुए ड्रॉपआउट

### पूर्व मुख्यमंत्री का भाजपा सरकार पर बड़ा हमला, कहा- पहली बार निजी स्कूलों में नामांकन सरकारी स्कूलों से आगे; शिक्षा व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार पर सरकारी स्कूलों की स्थिति खराब करने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में 8.4 लाख से अधिक विद्यार्थी स्कूल ड्रॉपआउट हो गए हैं। उन्होंने इसे प्रदेश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया।

गहलोत ने एक्स पर दी गई पोस्ट में बताया कि राजस्थान के इतिहास में पहली बार निजी स्कूलों में नामांकन सरकारी स्कूलों से अधिक हो गया है, जो सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर जनता के घटते विश्वास का संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों की संख्या 7.8 लाख से बढ़कर 7.9 लाख से अधिक होने के बावजूद सरकारी स्कूलों ने 9.3 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन खो दिया।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों से लगातार गैर-शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं, स्कूलों के भवन और आधारभूत सुविधाएं बदहाल हैं, मरम्मत कार्य ठप पड़े हैं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के बजाय पाठ्यक्रम का राजनीतिकरण किया जा रहा है। उनका कहना था कि शिक्षा मंत्री का ध्यान शिक्षा से इतर विषयों पर रहने का खामियाजा प्रदेश के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

गहलोत ने अपनी सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजी माध्यम स्कूलों सहित सरकारी शिक्षा का एक मजबूत मॉडल विकसित किया था, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों ने उसे कमजोर कर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि प्रदेश के बच्चों के भविष्य को हुए इस नुकसान की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा।

## फिल्मी अंदाज में पीछाः एएनटीएफ के एक्शन से घबराए तस्कर कार छोड़ हुए फरार, 81 किलो डोडा पोस्त और 4 फर्जी नंबर प्लेट बरामद



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

भीलवाड़ा-कोटा हाईवे पर एएनटीएफ की सतर्कता से मादक पदार्थ तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। टीम ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर एक बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार से 80.970 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। हालांकि कार सवार दोनों तस्कर जंगल और नदी क्षेत्र का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने कार के साथ चार अलग-अलग नंबर प्लेट भी जब्त की हैं।

जानकारी के अनुसार एएनटीएफ टीम भीलवाड़ा-कोटा हाईवे पर वाहनों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान बिगोद-सवाईपुर की ओर से तेज रफ्तार में एक बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार भीलवाड़ा की तरफ जाती दिखाई दी। संदेह होने पर टीम ने कार का पीछा शुरू किया। पुलिस को पीछे आता देख चालक ने कार की रफ्तार और बढ़ा दी तथा हाईवे छोड़कर पौंड्रास गांव की ओर भाग निकला।

पीछा करते हुए पुलिस भी गांव पहुंच गई। घबराहट में चालक ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास तीखे मोड़ पर कार मोड़ी, लेकिन वाहन पत्थर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद कार में सवार दोनों युवक वाहन छोड़कर खेतों, झाड़ियों और नदी क्षेत्र की ओर भाग निकले। टीम ने पैदल पीछा किया, लेकिन दोनों फरार होने में सफल रहे।

घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कार की तलाशी लेने पर उसमें रखे चार काले प्लास्टिक के कट्टों से 80.970 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। इसके अलावा कार में चार अलग-अलग नंबर प्लेट भी मिलीं, जिनका इस्तेमाल पुलिस से बचने के लिए किए जाने की आशंका है।

सदर थाना पुलिस ने डोडा पोस्त, बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार और चारों नंबर प्लेट जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## बस का इंतजार कर रहे दो भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

### 30 हजार लूटे,बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर के व्यस्ततम अजमेर चौराहे पर बुधवार देर रात लूट और जानलेवा हमले की सनसनीखेज वारदात सामने आई। बस का इंतजार कर रहे दो सगे भाइयों पर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात के दौरान बदमाश 30 हजार रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत फैल गई।





घायल पूसा लाल (34) पुत्र जेठू राम माली ने बताया कि वह अपने बड़े भाई चंपा लाल के साथ बुधवार रात करीब 11 बजे गांव जाने के लिए अजमेर चौराहे पर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास आए और माचिस मांगी। माचिस नहीं होने की बात कहने पर तीनों बदमाश अचानक उग्र हो गए और दोनों भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान बदमाशों ने चंपा लाल की जेब में रखे 30 हजार रुपये भी निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ितों का कहना है कि वे हमलावरों को नहीं जानते और न ही उनका किसी से कोई पुराना विवाद था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां ट्रॉमा वार्ड में उनका उपचार जारी है।

रात के समय शहर के प्रमुख चौराहे पर हुई इस वारदात ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 20 एनडीपीएस मामलों में जब्त 5.70 करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ नष्ट

### 3,779 किलो डोडा चूरा, 3.5 किलो गांजा और 11 ग्राम स्मैक का रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया नष्टीकरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के 20 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया।

यह कार्रवाई रिजर्व पुलिस लाइन में निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई।



जिला पुलिस अधीक्षक सागर के नेतृत्व में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के निर्देशन एवं महिला सेल की उप अधीक्षक शिल्पा भादविया के सुपरविजन में हुई कार्रवाई में जिले के विभिन्न थानों में जब्त 3,779 किलो 486 ग्राम डोडा चूरा, 3 किलो 500 ग्राम गांजा तथा 11 ग्राम स्मैक को नष्ट किया गया।

पुलिस के अनुसार नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ 70 लाख 80 हजार रुपये है। इसमें डोडा चूरा की कीमत 5 करोड़ 66 लाख 85 हजार रुपये, गांजा की 1 लाख 75 हजार रुपये तथा स्मैक की 2 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है।

## उधार के रुपये मांगना पड़ा भारी, दो भाइयों ने युवक पर पहले चढ़ाई बुलेट, फिर सरियों से किया ताबड़तोड़ जानलेवा हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

उधार दिए गए रुपये वापस मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। शहर के पांसल चौराहे के पास कार की सर्विस कराने आए युवक पर बुलेट सवार दो भाइयों ने पहले बाइक से टक्कर मारकर उसे गिराया, फिर उसके ऊपर बुलेट चढ़ा दी और बाद में लोहे के सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घायल का उपचार कराया गया है।



घायल पप्पू लाल नायक पुत्र श्रवण नायक, निवासी खारी का लांबा ने बताया कि वह गुरुवार को पांसल चौराहे के समीप अपनी कार की सर्विस करवाने आया था। जैसे ही वह कार से नीचे उतरा, तभी दशरथ पुत्र कान्हा नायक और उसका भाई पृथ्वीराज, निवासी आसन (विजयनगर), बुलेट पर सवार होकर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने पहले उसे टक्कर मारकर गिराया, फिर बुलेट उसके ऊपर चढ़ा दी। इसके बाद दोनों ने लोहे के सरियों से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।पीड़ित ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उसने दशरथ को 3 लाख रुपये उधार दिए थे। वह लगातार रुपये वापस मांग रहा था, लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। इसी रंजिश के चलते दोनों भाइयों ने उस पर यह जानलेवा हमला किया।

घायल ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जीएसटी की बड़ी कार्रवाई : 35 करोड़ रुपये की कर चोरी की आशंका पर फर्म के ठिकानों पर सर्च

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य जीएसटी, वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान द्वारा कर चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुख्यालय की प्रवर्तन शाखा-तृतीय, जयपुर द्वारा मैसर्स प्रेम ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड एवं उससे संबंधित चार अन्य फर्मों के कई ठिकानों पर सर्च कार्यवाही की गई।

समूह की फर्मों द्वारा मेहन्दी पाउडर, मेहन्दी कोन, हेयर कलर एवं अन्य ब्यूटी उत्पादों का विनिर्माण एवं व्यवसाय किया जा रहा है। इन फर्मों द्वारा स्थानीय स्तर पर सोजत, पाली से मेहंदी की खरीद की जाकर विभिन्न उत्पादों का विनिर्माण कर विभिन्न राज्यों में सप्लाई की जाती है। विभाग को प्राप्त जानकारी के अनुसार इन फर्मों द्वारा विगत वर्षों में अपने परिवार समूह से जुड़ी संबंधित विभिन्न फर्मों से बिना माल की वास्तविक आपूर्ति प्राप्त किये अविधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर राज्य सरकार को करोड़ों रुपये की राजस्व क्षति पहुंचाई जा रही है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी का विभागीय जीएसटी पोर्टल पर विश्लेषण करने पर उक्त फर्मों द्वारा विगत 5 वर्षों में लगभग 35 करोड़ रुपये की कर चोरी करने की संभावना अनुमानित की गयी।

मुख्यालय की प्रवर्तन शाखा-तृतीय की पांच टीमें बनाकर इन फर्मों के पाली एवं जयपुर स्थित ठिकानों पर एक साथ सर्च कार्यवाही संपादित की गयी। सर्च के दौरान समूह फर्मों की लेखा पुस्तकों में दर्ज स्टॉक एवं व्यवसाय स्थल पर मौजूद स्टॉक में अन्तर पाया गया जिस कारण व्यवसायी द्वारा 99.62 लाख रुपये की राशि राजकोष में जमा करवाई गई। प्रकरण में करापवंचन की दृष्टि से आगत कर की अनुज्ञेयता, स्टॉक में अंतर, राज्य के बाहर माल आपूर्ति के समर्थन में जारी ई-वे बिल एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की गहन छानबीन एवं जांच की जा रही है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com



## टैक्स मंत्रा

# आईटीआर भरते समय बरतें ये जरूरी सावधानियां

आयकर रिटर्न (ITR) दाखिल करना केवल कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय विश्वसनीयता का महत्वपूर्ण आधार है। सही जानकारी के साथ समय पर रिटर्न दाखिल करने से न केवल अनावश्यक नोटिस और जुर्माने से बचा जा सकता है, बल्कि टैक्स से जुड़े सभी वैध लाभ भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

आईटीआर भरते समय सबसे पहले अपनी आय के अनुसार सही आईटीआर फॉर्म का चयन करें। पैन, आधार, बैंक खाता, आईएफएससी और मोबाइल नंबर जैसी व्यक्तिगत जानकारी सावधानीपूर्वक दर्ज करें। रिटर्न दाखिल करने से पहले स्न्नश्न्नद्ध 26AS, AIS और TIS का मिलान अवश्य करें, ताकि आय और टीडीएस संबंधी कोई त्रुटि न रहे।

केवल वेतन ही नहीं, बल्कि बैंक ब्याज, एफडी ब्याज, किराया, कैपिटल गेन, फ्रीलांसिंग या अन्य सभी स्रोतों से हुई आय को भी रिटर्न में शामिल करें। साथ ही आयकर अधिनियम की धारा 80C, 80D, 80G एवं होम लोन ब्याज जैसी उपलब्ध कटौतियों का सही दावा करें। अपनी पात्रता के अनुसार ओल्ड टैक्स रिजीम अथवा न्यू टैक्स रिजीम का चयन भी सोच-समझकर करें।

यदि आपके वेतन या अन्य आय पर टीडीएस कटा है तो उसका पूरा क्रेडिट लेना न भूलें। सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे फॉर्म-16, ब्याज प्रमाण पत्र एवं निवेश संबंधी दस्तावेज सुरक्षित रखें। रिटर्न दाखिल करने के बाद ई-वेरिफिकेशन अवश्य करें, क्योंकि इसके बिना आईटीआर पूर्ण नहीं माना जाता। साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर रिटर्न दाखिल करें, ताकि ब्याज और लेट फीस जैसी परेशानियों से बचा जा सके।

यदि आपकी आय के स्रोत एक से अधिक हैं, जैसे व्यवसाय, कैपिटल गेन, विदेशी आय या अन्य जटिल वित्तीय लेन-देन, तो अनुभवी चार्टर्ड अकाउंटेंट या टैक्स प्रोफेशनल की सहायता लेना अधिक उचित रहता है। इससे सही आईटीआर फॉर्म का चयन, टैक्स की सटीक गणना, सभी वैध कर छूटों का लाभ, नोटिस की संभावना में कमी तथा भविष्य में लोन, वीजा एवं वित्तीय सत्यापन जैसी प्रक्रियाओं में सुविधा मिलती है।



याद रखें, आयकर रिटर्न केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय पहचान का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड है। इसे हमेशा सही जानकारी और विशेषज्ञ की सलाह के साथ ही दाखिल करें।

--------------------------------

- सीए सुमित चित्तौड़ा
sumitchittora@gmail.com

## निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय सम्मेलन में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व, मीडिया अधिकारियों को दिए पारदर्शी चुनाव के मंत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली / भीलवाड़ा।**





भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली में आयोजित मीडिया एवं संचार अधिकारियों के तीसरे एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के करीब 200 अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व जिला जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र वैष्णव ने किया। कार्यक्रम में चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और भ्रामक सूचनाओं से मुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।सम्मेलन को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने संबोधित किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग की प्रत्येक कार्रवाई संविधान, चुनावी कानूनों एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाती है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही फर्जी और भ्रामक सूचनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक और भ्रामक सामग्री लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति विश्वास को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। ऐसे में मीडिया एवं संचार अधिकारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सही जानकारी समय पर आमजन तक पहुंचाएं। सम्मेलन में चुनाव चक्र के विभिन्न चरणों, मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया, ईसीआईएनईटी, मीडिया प्रबंधन, प्रेस नोट तैयार करने, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, फेक न्यूज से निपटने तथा निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से युवा मतदाताओं को जागरूक करने पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया का प्रदर्शन भी कराया गया तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## 103 वर्ष की उम्र में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रतनलाल लुहाड़िया का निधन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**शुभम**। नगर के सबसे बुजुर्ग नागरिकों में शामिल एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रतनलाल लुहाड़िया का गुरुवार को 103 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इसे समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

रतनलाल लुहाड़िया लंबे समय से कांग्रेस की गतिविधियों से जुड़े रहे और सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते थे। वे देव, शास्त्र और गुरु के अनन्य भक्त थे। अपने सरल, मिलनसार और सेवाभावी व्यक्तित्व के कारण वे क्षेत्र में विशेष सम्मान के पात्र थे। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

# ग्रामीण सेवा शिविर में 30 साल पुरानी समस्या का समाधान, मिला खातेदारी अधिकार

## 22 विभागों ने एक ही छत के नीचे दी सेवाएं, राजस्व सहित कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



जनकल्याण अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत विक्रमपुरा मुख्यालय पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों ने आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि 30 वर्षों से गैर खातेदारी के रूप में काबिज व्यक्ति को खातेदारी अधिकार प्रदान करना रही, जिससे लाभार्थी ने राज्य सरकार एवं प्रशासन का आभार जताया।

शिविर में 22 विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लोगों को लाभान्वित किया। पंचायतीराज विभाग ने चार पट्टों के प्रकरण एवं व्यक्तिगत घरेलू शौचालय के छह आवेदन तैयार किए।

राजस्व विभाग ने आपसी सहमति से बंटवारे एवं नाम शुद्धिकरण के 58 प्रकरण, रास्ता खुलासा के तीन, सीमाज्ञान एवं पत्थरगढ़ी का एक, नामांतरण के 80 तथा गैर खातेदारी से खातेदारी का एक प्रकरण मौके पर निस्तारित किया। अन्य विभागों से संबंधित कई परिवादों का भी शिविर में त्वरित समाधान किया गया।

शिविर में उपखंड अधिकारी स्वाती झा, तहसीलदार ललित डिडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, प्रशासक संतरा देवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार धाकड़, सहायक शिविर प्रभारी सुरेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी मनोज तिवाड़ी, कनिष्ठ सहायक शक्ति सिंह राजौरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आम रास्ता बंद करने के प्रयास का आरोप, ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## वर्षों पुराने मार्ग को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने और ग्रेवल कार्य दोबारा शुरू कराने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**मानव तिवाड़ी** । ग्राम पंचायत भोपतपुरा के छोटा बांका गांव के ग्रामीणों ने वर्षों से उपयोग में आ रहे आम रास्ते को बंद किए जाने के प्रयास का आरोप लगाते हुए गुरुवार को तहसीलदार ललित डिडवानिया को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर मार्ग की यथास्थिति बनाए रखने तथा उसे राजस्व रिकॉर्ड में आम रास्ते के रूप में दर्ज कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि देवनारायण मंदिर से होकर पानी के खाल एवं दूसरे छोर तक जाने वाला यह मार्ग कई वर्षों से सार्वजनिक आवागमन के लिए उपयोग में लिया जा रहा है। करीब 20 परिवारों का आवागमन इसी रास्ते से होता है। आरोप है कि गांव के दो लोग इस भूमि को अपनी खातेदारी बताते हुए रास्ता बंद करने का प्रयास कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग बंद होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नियमानुसार डीएलसी दर पर राशि जमा कराने की आवश्यकता होगी तो वे इसके लिए भी तैयार हैं।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रास्ते पर ग्रेवल बिछाने का कार्य कराया जा रहा था, जिसे संबंधित पक्ष ने रुकवा दिया। इस दौरान कार्य में लगे कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के साथ विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो गई।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर वर्षों पुराने आम रास्ते को सुरक्षित रखा जाए, ग्रेवल निर्माण कार्य पुनः शुरू कराया जाए तथा मार्ग को राजस्व अभिलेखों में आम रास्ते के रूप में दर्ज करने की आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# जलवायु परिवर्तन पर संवाद कार्यक्रम आयोजित, छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को 'जलवायु परिवर्तन जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग पर छात्राओं को जागरूक किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सावन कुमार जांगिड़ ने की। मुख्य वक्ता पर्यावरणविद् प्रो. श्याम सुंदर भट्ट ने जलवायु परिवर्तन को वर्तमान समय की गंभीर वैश्विक चुनौती बताते हुए पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. बी.एल. जागेटिया ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जलवायु परिवर्तन के कारणों एवं इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। वहीं प्रो. सुखलाल हिरण और प्रो. कश्मीर भट्ट ने युवा पीढ़ी में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर 'जलवायु परिवर्तन' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष प्रगति पांडेय ने किया। समापन पर डॉ. प्रियंका मीणा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

# पंडेर बाजार में जलभराव से दुकानदार परेशान, वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



क्षेत्र की पंडेर ग्राम पंचायत में जहाजपुर रोड स्थित पंचायत की दुकानों के बाहर जलभराव की समस्या से दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान हालात और भी खराब हो जाते हैं, लेकिन वर्षों से चली आ रही इस समस्या का अब तक समाधान नहीं हो सका है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पंचायत की दुकानों के बाहर पानी भरने की समस्या काफी पुरानी है। कई बार पंचायत प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बारिश होने पर दुकानों के सामने पानी भर जाता है, जिससे ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है और व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंडेर जैसी विकसित ग्राम पंचायत के मुख्य बाजार में जलभराव की समस्या प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करती है। बारिश के दौरान राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

दुकानदारों और ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से बाजार क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है, ताकि आमजन और व्यापारियों को राहत मिल सके।



QUICK BITES

## किशनपुरा के धर्मराज गुर्जर का सैनिक स्कूल में चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



कोटड़ी तहसील की सोपुरा ग्राम पंचायत के किशनपुरा बोरडियास गांव निवासी धर्मराज गुर्जर का सैनिक स्कूल में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा परिणाम में धर्मराज का चयन टॉप विद्यार्थियों में हुआ।

चयन के बाद सैनिक स्कूल हनुमानगढ़ के निर्देशानुसार गठित मेडिकल बोर्ड ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें वे पूरी तरह फिट पाए गए। इसके बाद धर्मराज ने 7 जुलाई 2026 को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित टैगोर सैनिक स्कूल, कुचामन सिटी में प्रवेश ले लिया।

धर्मराज ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की तैयारी जयपुर स्थित उज्ज्वल एकेडमी में निदेशक ज्ञानसिंह चौधरी के मार्गदर्शन में की थी। उनकी इस सफलता पर परिजनों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## ग्रामीण सेवा शिविर में सुनी गईं जनसमस्याएं, कई मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

**जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क पट्टे वितरित, अधिकारियों ने योजनाओं की दी जानकारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



पंडेर ग्राम पंचायत के बजरंग वाटिका परिसर में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनकर कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। साथ ही ग्राम पंचायत की ओर से पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क पट्टे वितरित किए गए।

शिविर के मुख्य अतिथि विधायक गोपीचंद मीणा रहे। इस दौरान पूर्व प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, उपखंड अधिकारी, विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, राजस्व, सड़क सहित ग्राम पंचायत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक शंकरलाल गुर्जर, विकास अधिकारी अभिषेक मीणा, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आशा सहयोगिन कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन की चेतावनी, मानदेय वृद्धि सहित कई मुद्दे उठाए**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




आशा सहयोगिन कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ संबद्ध) ने गुरुवार को अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

संघ की जिला महामंत्री सीता सोनी ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक में आशा सहयोगिनों एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) से जुड़े कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व में कई बार आंदोलन और ज्ञापन देने के बावजूद मांगों का समाधान नहीं होने पर जिले स्तर पर पुनः 17 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है।

ज्ञापन में मितानिन फेसिलिटेटर, बीटीटी, बीसी एवं एसपीएस कर्मियों के लिए 26 हजार से 48 हजार रुपये तक न्यूनतम मासिक वेतन निर्धारित करने, एनएचएम कर्मचारियों के लिए नियमित कैडर एवं पदोन्नति व्यवस्था लागू करने, वेतन वृद्धि, ठेका प्रथा समाप्त करने, ईपीएफ-ईएसआई सुविधा, सेवानिवृत्ति पर पेंशन एवं 10 लाख रुपये एकमुश्त सहायता देने की मांग की गई। इसके अलावा दुर्घटना बीमा, वर्ष में दो बार वर्दी एवं धुलाई भत्ता, टीकाकरण प्रशिक्षण तथा अस्पतालों में विश्राम कक्ष जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और राज्य बजट में घोषित 10 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का लाभ तत्काल देने की भी मांग की गई।

इस दौरान प्रदेश विधिक सलाहकार प्रभाष चौधरी एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरीश सुवालका ने भी कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सूरज शर्मा, राजेश जीनगर, सीमा सेन, छोटी जीनगर, सुशीला जोशी, स्नेहलता शर्मा, सुमित्रा, सुनीता दाधीच, सुनीता टेलर, देवेंद्र सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चारभुजा नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया पाटोत्सव महोत्सव, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**





धार्मिक नगरी सावर के राजघराना गढ़ परिसर स्थित अति प्राचीन भगवान चारभुजा नाथ मंदिर में पाराशर कटालिया परिवार के सानिध्य में पाटोत्सव महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान चारभुजा नाथ का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दूध, दही, माखन, घी, केसर तथा पुष्कर सरोवर से लाए गए पवित्र जल से भव्य अभिषेक किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह शक्तावत, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष योगेंद्र सिंह शक्तावत 'मिक्कू बना' तथा भीलवाड़ा पार्षद ओम पाराशर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।


पुष्कर से आए प्रख्यात भजन गायक देवीशंकर पाराशर के नेतृत्व में सत्यनारायण पाराशर, रमेश पाराशर, अश्वनी पाराशर, राजू पाराशर, पुरुषोत्तम पाराशर, अखिलेश पाराशर तथा सत्यम, शिवम, सूरज और महेश पाराशर ने अभिषेक अनुष्ठान संपन्न कराया।

अभिषेक के बाद बाल भजन गायिका मानसी पाराशर एवं पुरुषोत्तम पाराशर के नेतृत्व में गिरी पाराशर, मिनी अग्रवाल, कालू पाराशर और लखन पाराशर ने दीपक महेश गोपी की संगत में एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। मधुर भजनों पर श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, भक्ति में सराबोर होकर झूम उठीं।

कार्यक्रम के अंत में भगवान चारभुजा नाथ का मनोहारी श्रृंगार किया गया, महाआरती संपन्न हुई तथा भगवान को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

# सड़कों पर उगे अंग्रेजी बबूल बने जानलेवा, राहगीरों की जान जोखिम में; शिकायतों के बावजूद विभाग मोन

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



क्षेत्र की कई प्रमुख ग्रामीण सड़कों पर उगे अंग्रेजी बबूल अब राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) की अनदेखी के कारण सड़क किनारे और कई स्थानों पर सड़क तक फैले कांटेदार बबूल वाहन चालकों व पैदल यात्रियों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार बाकरा से हर्षलो की झुपड़िया जाने वाले मार्ग पर जगह-जगह अंग्रेजी बबूल सड़क तक फैल चुके हैं। दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को इन कांटेदार झाड़ियों के बीच से निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग को शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों ने बताया कि टिटोडा जागीर ग्रामीण सेवा शिविर में भी इस समस्या को लिखित रूप से शिविर प्रभारी के समक्ष रखा गया था। इसके अलावा खेरूना-मेवासा, टिटोडा-अडीमल जी का खेड़ा, शक्करगढ़-बरोदा तथा बाकरा-शक्करगढ़ सहित दर्जनों सड़कों की बदहाल स्थिति और सड़क किनारे उगी झाड़ियों को हटाने की मांग की गई, लेकिन आज तक किसी भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों का आरोप है कि समय रहते झाड़ियों की कटाई नहीं होने से सड़कें संकरी होती जा रही हैं। आमने-सामने वाहन आने पर दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, वहीं रात के समय यह स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों का तत्काल निरीक्षण कर सड़क पर फैले अंग्रेजी बबूल एवं झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले लोगों को राहत मिल सके।

# लैब टेक्नीशियन ने रक्तदान कर तीन दिन के नवजात को दिया जीवनदान

**ओ-नेगेटिव रक्त की तत्काल जरूरत पर आगे आए मनोज प्रजापत, मानवता की पेश की मिसाल**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



महात्मा गांधी अस्पताल के ब्लड बैंक में कार्यरत लैब टेक्नीशियन मनोज प्रजापत ने दुर्लभ ओ-नेगेटिव रक्तदान कर तीन दिन के नवजात शिशु की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार अस्पताल में भर्ती तीन दिन के नवजात को आपात स्थिति में ओ-नेगेटिव रक्त की आवश्यकता थी। इस दौरान सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के गोपाल विजयवर्गीय की प्रेरणा से ब्लड बैंक में कार्यरत मनोज प्रजापत तुरंत रक्तदान के लिए आगे आए। उनका स्वयं का ब्लड ग्रुप ओ-नेगेटिव होने से उन्होंने बिना देर किए फ्रेश ब्लड उपलब्ध कराया। मनोज प्रजापत इससे पहले भी कई बार आपात परिस्थितियों में रक्तदान कर गंभीर मरीजों की जान बचा चुके हैं। महात्मा गांधी अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम जरूरत पड़ने पर स्वयं 'लाइव डोनेशन' कर मरीजों की मदद करने के लिए जानी जाती है।

रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. धर्मवीर बेरवा, भागचंद सोनी, शिवम बंसल और महेश मीणा ने मनोज प्रजापत के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। वहीं नवजात के परिजनों ने रक्तदाता एवं ब्लड बैंक टीम का आभार व्यक्त किया।

# गणेशपुरा-देवगढ़ के बीच सर्विस रोड नहीं, बरसात में हादसों का बढ़ा खतरा

**वर्षों से लंबित मांग पर नहीं हुई कार्रवाई, हजारों ग्रामीण सुरक्षित आवागमन से वंचित**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**(नरेश धाकड़)** उपखंड क्षेत्र में गणेशपुरा पुलिया से देवगढ़ पुलिया तक सर्विस रोड का निर्माण वर्षों से अधूरा पड़ा है। कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में रोष है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है तथा सुरक्षित आवागमन के अभाव में हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सर्विस रोड नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में राष्ट्रीय राजमार्ग की मुख्य लेन या गलत दिशा से आवागमन करना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सफर करना जोखिम भरा साबित हो रहा है। बारिश के दौरान सड़क पर जलभराव और फिसलन के कारण दोपहिया वाहन चालकों, पैदल राहगीरों तथा स्कूली बच्चों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है।

इस मार्ग से देवगढ़, सदारामजी का खेड़ा, मकरेड़ी, आठ, रेसुनंदा, गुड्डा, सूरज विलास, उमेदपुरा और खेरखेड़ा सहित कई गांव जुड़े हुए हैं। इन गांवों के हजारों ग्रामीण प्रतिदिन शिक्षा, चिकित्सा, कृषि कार्य, व्यापार और अन्य जरूरी कामों के लिए इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चों को रोजाना जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है, जबकि किसान कृषि उपज और आवश्यक सामान के परिवहन में भी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई दुर्घटनाएं होने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से गणेशपुरा पुलिया से देवगढ़ पुलिया तक सर्विस रोड का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बरसात के दौरान कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए जल्द स्वीकृति जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# कोटड़ी प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी गठित, भैरू चौधरी फिर बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव**



कोटड़ी प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को सर्वसम्मति से किया गया। प्रेस क्लब की स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित देव दर्शन यात्रा के दौरान चित्तौड़गढ़ स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में हुई बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों ने जनहित एवं सकारात्मक पत्रकारिता के प्रति समर्पित रहने का संकल्प भी लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से भैरू चौधरी को पुनः अध्यक्ष चुना गया। वहीं नन्दलाल दरोगा एवं सत्यनारायण शर्मा को उपाध्यक्ष, रामप्रसाद आचार्य को महामंत्री, कैलाश व्यास को कोषाध्यक्ष तथा सांवर वैष्णव को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके अलावा महावीर वैष्णव को प्रवक्ता एवं विस्तारक, बलराम वैष्णव को मीडिया प्रभारी तथा विक्रम सिंह को सह मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। अन्य पत्रकारों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने श्री सांवलिया सेठ के दर्शन कर जनहित, निष्पक्ष एवं सकारात्मक पत्रकारिता के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की शपथ ली।

# आरयूआईडीपी ने छात्राओं को स्वच्छता व एफएसटीपी परियोजना की दी जानकारी

## मौसमी बीमारियों से बचाव और हाथ धोने के सही तरीके बताए

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय, कलिंजरी गेट, शाहपुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं परियोजना कार्यों की जानकारी दी गई।

सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने छात्राओं को साफ-सफाई रखने, मच्छर-मक्खियों की रोकथाम तथा डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखने से कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम में छात्राओं को बताया गया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल को टैंकरों के माध्यम से जहाजपुर रोड स्थित धरती देवरा के पास निर्माणाधीन एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) तक पहुंचाया जाएगा, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर खाद तैयार की जाएगी, जिसका उपयोग वानिकी एवं पौधरोपण में किया जाएगा। इससे गंदगी की समस्या कम होगी और पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।

इस दौरान छात्राओं को हाथ धोने के सही तरीके की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका सरिता जैन का सहयोग रहा तथा कई छात्राओं ने भाग लिया।

# शिक्षक के तबादले के विरोध में छात्रों ने स्कूल पर जड़ा ताला, धरने पर बैठ

## पसंदीदा शिक्षक का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग, पढ़ाई प्रभावित होने की जताई आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**



कोटड़ी क्षेत्र के लसाड़िया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक शिक्षक के तबादले के विरोध में गुरुवार को छात्र-छात्राओं का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में विद्यार्थी सुबह स्कूल पहुंचे और मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए। विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्थानांतरण आदेश तत्काल निरस्त करने की मांग की। आंदोलन के चलते विद्यालय में शैक्षणिक कार्य प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग ने बुधवार को विद्यालय के तीन शिक्षकों के तबादले के आदेश जारी किए थे। इनमें हिंदी एवं संस्कृत विषय के शिक्षक हेमराज सिंह राठौड़ का स्थानांतरण लसाड़िया से करीब 30 किलोमीटर दूर बड़ा महुआ विद्यालय में कर दिया गया। विद्यार्थियों का कहना है कि हेमराज सिंह राठौड़ अनुभवी शिक्षक हैं और बोर्ड परीक्षाओं के दौरान उनका तबादला होने से पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। मामले की सूचना मिलने पर विद्यालय की संस्था प्रधान ममता एवं अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया। उन्हें अधिकारियों तक उनकी मांग पहुंचाने का भरोसा भी दिलाया गया, लेकिन छात्र-छात्राएं अपनी मांग पर अड़े रहे। सुबह साढ़े आठ बजे शुरू हुआ धरना लंबे समय तक जारी रहा।

आंदोलनरत विद्यार्थियों ने चेतावनी दी कि जब तक शिक्षक का स्थानांतरण निरस्त कर उन्हें पुनः विद्यालय में नहीं लगाया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर भूख हड़ताल शुरू करने की भी चेतावनी देते हुए शिक्षा विभाग और प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की।

# विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं को बताए कानूनी अधिकार

## कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में गुरुवार को ग्राम थड़ेदा एवं जावदा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम-2013 की जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून महिलाओं को सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम सरकारी कार्यालयों, निजी कंपनियों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों सहित 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले सभी संगठित एवं असंगठित कार्यस्थलों पर लागू होता है। साथ ही घरेलू कामगारों को भी इस कानून के दायरे में संरक्षण प्राप्त है।

शिविर में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं कानून के प्रमुख प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राशन डीलर बालचंद जैन, सुरेंद्र भट्ट, रामनारायण सुथार, नरेंद्र सुथार सहित कई महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में 22 विभागों ने दी सेवाएं, पात्रों को मिला योजनाओं का लाभ

## पट्टा वितरण से लेकर पेंशन, आवास, स्वास्थ्य और कृषि योजनाओं के आवेदनों का मौके पर हुआ निस्तारण

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर।**

**दिलखुश**



ग्राम पंचायत टांकावास में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 में विभिन्न विभागों ने एक ही स्थान पर आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जहां राजस्व, कृषि, चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा, आवास, स्वच्छता एवं अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाया।

शिविर में 22 विभागों ने भाग लिया। इस दौरान 15 पट्टों का वितरण किया गया, जबकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 9 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के चार लाभार्थियों को दूसरी एवं तीसरी किस्त का भुगतान किया गया। इसके अलावा 6 पेंशन सत्यापन, 12 जनआधार संशोधन तथा प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 5 नए बैंक खाते खोले गए।

महिला अधिकारिता विभाग ने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। मंगला पशु बीमा योजना के तहत 38 पॉलिसियां जारी की गईं। कृषि विभाग ने 5 किसानों को मूंग मिनी किट एवं 10 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। चिकित्सा विभाग ने 78 तथा आयुर्वेद विभाग ने 63 मरीजों का उपचार कर स्वास्थ्य परामर्श दिया।

राजस्व विभाग ने 35 खातों का शुद्धिकरण, 10 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरणों का निस्तारण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 55 पंजीकरण, 25 नामांतरण, 6 सीमा ज्ञान (पत्थरगढ़ी) कार्य तथा 37 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किए। वहीं विद्युत विभाग ने तीन सोलर कनेक्शन के आवेदन प्राप्त किए तथा परिवहन विभाग ने नौ स्मार्ट कार्ड पंजीकरण किए।

शिविर में कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव, सहायक विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, प्रशासक विजय प्रताप सिंह, भाजपा जिला देहात महामंत्री रायचंद बागड़ी, मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष रंगलाल भील, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनजीत सिंह, मंडल महामंत्री लक्ष्मीनारायण मलावत, मंडल उपाध्यक्ष आदित्य शर्मा, युवा नेता रोहित गुर्जर, सत्यनारायण बैरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक समन्वयक प्रियंक दाधीच, ग्राम विकास अधिकारी शिवराज माली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा पहुंचे इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली का हुआ स्वागत

## श्रमिक हितों की रक्षा और संगठन विस्तार पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली के भीलवाड़ा आगमन पर इंटक के पदाधिकारियों और श्रमिक संगठनों ने उनका पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया। इस दौरान पुनर्नियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक व्यास के नेतृत्व में 21 फीट लंबा साफा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

सम्मान समारोह में श्रीमाली ने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत बनाने और सभी पदाधिकारियों से समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही श्रमिकों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठा सकता है।

जिलाध्यक्ष दीपक व्यास ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की विचारधारा के अनुरूप श्रमिकों की समस्याओं के समाधान एवं संगठन विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में यूथ इंटक जिलाध्यक्ष भारत सिंह, सेवादल अध्यक्ष रामराज मीणा सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### सेवा पखवाड़े के तहत विधायक गोपीचंद मीणा ने किया पौधरोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



विधायक गोपीचंद मीणा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गुरुवार को व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर सैकड़ों पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम के दौरान बैई ग्राम पंचायत में कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। विधायक गोपीचंद मीणा ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

विधायक मीणा ने जन्मदिवस पर मिले स्नेह और शुभकामनाओं के लिए क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का भी आह्वान किया।

### भारत विकास परिषद खेलकूद सप्ताह: क्रिकेट मुकाबलों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




भारत विकास परिषद आजाद शाखा के वार्षिक खेलकूद सप्ताह के दूसरे दिन क्रिकेट प्रतियोगिताओं में रोमांचक मुकाबले खेले गए। वरिष्ठ वर्ग में विवेकानंद टीम ने शिवाजी टीम को 79 रन से हराया। सुमित जागेटिया ने 33 गेंदों में नाबाद 85 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। महिला वर्ग में आजाद टीम ने भगत टीम को 6 ओवर में हराकर जीत दर्ज की, जबकि विजया सोमानी विमेन ऑफ द मैच रहीं।

अन्य मुकाबलों में शिवाजी सुपर जॉइंट्स ने आजाद वॉरियर्स, तिलक टाइटंस ने पटेल स्ट्राइकर्स और सुभाष कैपिटल्स ने भगत रॉयल्स को चार रन से हराया। विशाल राठी, स्वयं सोमानी और राज आर्यन सेठी को अपने-अपने मुकाबलों में मैन ऑफ द मैच चुना गया।

शाखा पदाधिकारियों ने बताया कि खेलकूद सप्ताह के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### घुमंतू छात्रावास को मिला सामाजिक सहयोग, भामाशाहों ने बढ़ाया मदद का हाथ

**एनआरआई व सामाजिक संस्था ने आर्थिक सहयोग देकर बच्चों की शिक्षा व आवास व्यवस्था को दी मजबूती**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



समाज के वंचित एवं घुमंतू वर्ग के बच्चों को शिक्षा और बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित गुरु श्री कानिफनाथ घुमंतू छात्रावास को सामाजिक संगठनों एवं भामाशाहों का लगातार सहयोग मिल रहा है। छात्रावास के नियमित संचालन एवं बच्चों की आवश्यक सुविधाओं के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

छात्रावास प्रबंधन की आवासीय खर्च योजना के तहत दुबई निवासी प्रवासी भारतीय (एनआरआई) विनोद समदानी ने जून एवं जुलाई माह के संचालन के लिए क्रमशः 10 हजार और 11 हजार रुपये के चेक भेंट किए। इस सहयोग से छात्रावास में रह रहे बच्चों के भोजन, आवास एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी।

इसी क्रम में भीलवाड़ा राउंड टेबल-370 ने भी सामाजिक दायित्व निभाते हुए छात्रावास के लिए 11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। संस्था के अध्यक्ष राघव समदानी ने छात्रावास पहुंचकर प्रबंध समिति को सहयोग राशि का चेक सौंपा और भविष्य में भी सहयोग जारी रखने का भरोसा दिलाया।

छात्रावास प्रबंधन ने सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के भामाशाहों के सहयोग से घुमंतू एवं वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।